aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for Hindi Third Language (Paper 2) Key Answers

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 10	2027	Answer Key	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ - 2

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 2 : 2026-27

MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

   जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8x1=8

1. 'गरीब' शब्द का विलोम रूप है –

(A) निर्धन (B) ईमानदार

(C) अमीर (D) धनहीन ।

उत्तर : (C) अमीर

2. 'पुरुष' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) माता (B) बहन

(C) श्रीमती (D) स्त्री ।

उत्तर : (D) स्त्री

3. निम्नलिखित में से 'एकवचन' शब्द है –

(A) नौका (B) बच्चे

(C) पुस्तकें (D) प्रतियाँ ।

उत्तर : (A) नौका

4. 'चिपकना' शब्द का 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –

(A) छिपाना (B) चिपकाना

(C) चलाना (D) चिढ़ाना ।

उत्तर : (B) चिपकाना

5. निम्नलिखित में से 'गुण संधि' का उदाहरण है –

(A) सदैव (B) स्वागत

(C) गिरीश (D) रमेश ।

उत्तर : (D) रमेश

6. 'शताब्दी' शब्द में समास है –

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय (D) द्वंद्व ।

उत्तर : (A) द्विगु

7. दूकानदार ने सेब लिफ़ाफ़े _____रखा।

रिक्त स्थान में सही 'कारक चिह्न' होगा –

(A) ने (B) के

(C) में (D) से ।

उत्तर : (C) में

8. आज का युग कंप्यूटर युग है।

वाक्य में प्रयुक्त 'विराम चिह्न' है –

(A) अल्प विराम (B) पूर्ण विराम

(C) उद्धरण चिह्न (D) प्रश्नवाचक ।

उत्तर : (B) पूर्ण विराम

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4

9. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : _____

उत्तर : चचेरे भाई

10. हाथी : जंगली जानवर : : भैंस : _____

उत्तर : पालतू जानवर

11. बेलूर मंदिर : शिल्पकला : : गोलगुंबज़ : _____

उत्तर : वास्तुकला

12. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : _____

उत्तर : दया

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4

13. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?

उत्तर : टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।

14. दोस्तों ने क्या तय किया ?

उत्तर : दोस्तों ने मकान बनाने का तय किया।

15. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?

उत्तर : आज मनुज का यान गगन में जा रहा है।

16. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?

उत्तर : बलराम के अनुसार कृष्ण को मोल लिया गया है।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. दूकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा ?

उत्तर : दूकानदार ने अपने नौकर से कहा- आधा सेर कश्मीरी सेब लाना । चुन-चुन कर लाना।

18. जलालुद्दीन ने बालक कलाम को नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?

उत्तर : जलालुद्दीन ने बालक कलाम को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों , वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताकर नई दुनिया का बोध कराया।

19. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था ?

उत्तर : निमंत्रण पत्र में लिखा था— हम इस शहर में ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं । आप देश के प्रसिध्द ईमानदार हैं। आप इस सम्मेलन का उद्घाटन करें । आपके आने-जाने, रहने और भोजन की उत्तम व्यवस्था की जाएगी । आपके आगमन से सभी को प्रेरणा मिलेगी।

20. बालशक्ति के बालक गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बनाते हैं ?

उत्तर : बाल-शक्ति टोली के बच्चे स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखते हैं। गाँव की गंदगी को दूर करते हैं तथा रोज़ एक घंटा गाँव की सफाई में लगा देते हैं। गाँव में कई गड्ढे थे, उनको मिट्टी से ढाँप देते हैं। गाँव को हरा-भरा रखने के लिए गाँव के चारों तरफ़ पेड़-पौधे लगाते हैं।

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

उत्तर : जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी मिटाए, स्वयं को पहचाने, भाईचारे को समझे, बुध्दि पर हृदय की जीत करें वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

उत्तर : यशोदा कहती है – "हे कृष्ण, सुनो ! बलराम जन्म से चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ - मैं तुम्हारी माँ हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।"

23. शनि ग्रह का वायुमंडल कैसे बना है ?

उत्तर : शनि ग्रह का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और एमोनिया गैसों से हुआ है।

अथवा

शनि एक सुंदर ग्रह है। क्यों ?

उत्तर : शनि एक सुंदर ग्रह है क्योंकि इस ग्रह के चारों ओर वलय दिखाई देते हैं। यह वलय विस्तृत और स्पष्ट हैं। ऐसा लगता है प्रकृति ने इस ग्रह के गले में सुंदर हार डाल दिये हैं।

24. महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

उत्तर : महात्मा गांधी जी का कथन है – 'सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।'

अथवा

मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

उत्तर : मीना मैडम ने कहा - आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्यार्थियों ! आज से , नहीं नहीं ;अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरु करो। इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा।

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27

25. गिल्लू के प्रति लेखिका की ममता का वर्णन कीजिए।

उत्तर : लेखिका घायल गिलहरी के बच्चे को हौले से उठाकर अपने कमरे में लाती है। रूई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाती है। उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाती है। खाने के लिए उसे बिस्कुट और काजू देती है। प्यार से उसे 'गिल्लू' कहकर बुलाने लगती है। फूल रखने की एक हल्की डलिया में उसका घर बनाती है। थाली के पास बिठाकर खाना सिखाती है। उसके अंतिम समय में हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न करती है। गिल्लू की समाधि सोनजुही की लता के नीचे बनाती है। इस तरह लेखिका गिल्लू के प्रति अपनी ममता प्रकट करती है।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

26. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ? विवरण दीजिए ।

उत्तर : सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह ला खड़ा किया है। इसके कई साइट्स है, फेसबुक ,ट्विटर ,लिंक्डइन आदि। इन साईटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा, कला, संस्कृति आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है।

27. बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ? बताइए।

उत्तर : बचेंद्री को अपने बड़े भाई की तरह पहाड़ों पर जाना अच्छा लगता था। बचपन में ही उन्होंने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लिया था। कालानाग, गंगोत्री ग्लेशियर, रूड गेरो जैसे पर्वतों की चढ़ाई करके अपने आत्मविश्वास को बढ़ाया। हिमालय पर्वतारोहियों के सम्मेलन में तेनजिंग नोर्गे तथा जुंके ताबी से मिली और उनसे प्रेरणा ली। उनकी तरह एवरेस्ट पर पहुंचने का संकल्प भी किया। साउथ कोल तक की चढ़ाई के लिए शिखर दलों के साथ शामिल हुई। उस दिन सुबह चार बजे उठकर हल्का नाश्ता करके अपने तंबू से निकली। ऑक्सीजन, रस्सी, फावड़े आदि का सहारा लेकर एवरेस्ट की चढ़ाई करने में सफल हुई।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

28. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कर्नाटक के पश्चिम दिशा में अरबी समुद्र लहराता है। इस प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पश्चिमी घाट हैं। पश्चिमी घाटों के कुछ भागों को सह्याद्रि भी कहते हैं। यहाँ के दक्षिण दिशा में नीलगिरि पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं। कर्नाटक को चंदन का आगार कहते हैं। यहाँ अनेक नदियाँ और जलप्रपात भी हैं।

29. रोबोनिल के घर में आ जाने से सक्सेना परिवारवालों ने राहत की साँस ली। क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : साधोराम के अस्पताल पहुँच जाने से घर में सभी की तकलीफें बढ़ गईं थीं। रोबोनिल के आ जाने से सक्सेना परिवारवालों ने राहत की साँस ली। क्योंकि रोबोनिल बच्चों को होमवर्क करने में मदद करता था। वर्ड प्रोसेसर पर सक्सेना जी का काम संभालता था। सुबह का नाश्ता कराता था। मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलता था। छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाता था। घर के पालतू कुत्ते शेरू को घुमाने का काम भी करता था।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

30. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

उत्तर : भारत माँ का रूप सुंदर है। उसके एक हाथ में पताका है जो न्याय का प्रतीक है। दूसरे हाथ में दीप है जो ज्ञान का प्रतीक है। भारत माँ के उर में गांधी, बुद्ध, राम जैसे महान विभूति शायित हैं।

31. कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए।

उत्तर : समय अत्यंत अनमोल है। क्योंकि समय का महत्व धन से भी अधिक है। बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। सब समय सुसमय होता है। इसलिए हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए। एक पल को भी तुच्छ नहीं समझना चाहिए। क्योंकि इन्हीं एक-एक पल से हमारा जीवन बना है। समय को खोने से हमेशा के लिए पछताना पड़ता है।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

भावार्थ : प्रस्तुत दोहे को तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है। तुलसीदास जी मुखिया के स्वभाव के बारे में बताते हुए कहते हैं कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। क्योंकि मुख खाने-पीने का काम अकेला करता है , लेकिन वह जो खाता-पीता है उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है। उसी तरह मुखिया को भी विवेकवान बनकर काम अपनी तरह से करके उसका फल सभी में बाँटना है।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

सत्य की महिमा अपार है। सत्य अत्यंत शक्तिशाली है। इसलिए हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए।

ಸತ್ಯದ ಮಹಿಮೆ ಅಪಾರವಾಗಿದೆ. ಸತ್ಯವು ಅತ್ಯಂತ ಶಕ್ತಿಶಾಲಿಯಾಗಿದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಸತ್ಯವನ್ನು ಹೇಳುವ ಅಭ್ಯಾಸವನ್ನು ಮಾಡಬೇಕು.

The glory of truth is immense. Truth is very powerful. Therefore, we must make it a habit to speak the truth.

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

34. पं.राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए।

उत्तर : पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। बसंत की सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं। मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत बसंत के घर पहुँचते हैं। बसंत का इलाज करने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं। अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं। पं. राजकिशोर गरीब और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे।

अथवा

बसंत एक ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है। छलनी , दियासलाई, बटन बेचता है।

पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है। क्योंकि वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है। मोटर के नीचे आकर घायल होने पर भी राजकिशोर के पैसे लौटाता है। इसलिए बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता_____

_____ _____

_____

_____भागो तुम।

उत्तर : असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4

36. अनुशासन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण गुण है। अनुशासन का अर्थ नियमों का पालन करना है। अनुशासित व्यक्ति समय पर अपना काम करता है। वह अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करता है। विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है। अनुशासन से हम समय का सदुपयोग करना सीख सकते हैं। अनुशासन के कारण हमारे कार्य व्यवस्थित और सफल होते हैं। इसलिए हमें अपने जीवन में हमेशा अनुशासन का पालन करना चाहिए।

अ) अनुशासन का अर्थ क्या है ?

उत्तर : अनुशासन का अर्थ नियमों का पालन करना है।

आ) अनुशासित व्यक्ति किसका सम्मान करता है ?

उत्तर : अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करता है।

इ) विद्यार्थी के जीवन में किसका विशेष महत्व है ?

उत्तर : अनुशासन का विशेष महत्व है।

ई) अनुशासन से हमारे कार्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

उत्तर : व्यवस्थित और सफल होते हैं।

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 से 15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 1x4=4

37. **क) स्वच्छता अभियान**

- **प्रस्तावना :** स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। इसी उद्देश्य से देश में "स्वच्छता अभियान" चलाया गया ताकि लोग साफ-सफाई के महत्व को समझें।

- **स्वच्छता का महत्व :** इस अभियान का मुख्य लक्ष्य गाँवों , शहरों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाना है। गंदगी की वजह से ही लोग आजकल बहुत सारे रोगों का शिकार बन रहे हैं। गंदगी कम करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उत्तम स्वास्थ्य के लिये स्वच्छता अत्यंत जरूरी है। स्वस्थ और सदृढ़ समाज ही सदृढ़ देश का निर्माण कर सकता है।

- **स्वच्छता के प्रति सुझाव :** स्वच्छता अभियान के तहत कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालने, खुले में शौच न करने और नियमित सफाई करने पर जोर दिया जाता है। स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता की आदतें सिखाई जाती है ताकि वे भविष्य में जागरूक नागरिक बन सकें। सड़कों और नालियों की सफाई से बीमारियों का खतरा भी कम होता है । घरों, दुकानों और मोहल्लों को स्वच्छ रखने से वातावरण सुंदर और सुरक्षित बनता है।
- **उपसंहार :** सरकार के साथ-साथ समाज के हर व्यक्ति को इस अभियान में भाग लेना चाहिए। यदि सभी लोग मिलकर सफाई रखें, कचरा न फैलाएँ और पेड़-पौधे लगाएँ, तो हमारा देश और भी सुंदर बन सकता है। स्वच्छता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनशैली बननी चाहिए। जब पूरा देश स्वच्छ होगा, तभी स्वस्थ और विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

ख) बेरोजगारी की समस्या

- **प्रस्तावना :** अगर व्यक्ति रोज काम करके कमाता है , अपना पेट पालता है तो उसे रोजगार कहते हैं। अगर काम न हो तो उसे बेरोजगारी कहते हैं। देश में फैली बेरोजगारी एक सामाजिक, आर्थिक समस्या है, जो आधुनिक युग की देन है।
- **अर्थ :** काम करने की ईच्छा और क्षमता दोनों हो लेकिन योग्यतानुसार काम न मिले इसे ही बेरोजगारी कहते हैं।
- **बेरोजगारी के कारण :** हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या की तुलना में रोजगारों के अवसरों में वृद्धि नहीं हुई है। दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली हम जो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वह हमें इस योग्य नहीं बनती कि हम उसका भविष्य में उपयोग कर रोजगार प्राप्त कर सके। उद्योग धंधों का अभाव आजकल उद्योगों में आधुनिक मशीनों का उपयोग होता है इनके कारण मनुष्य के श्रम की आवश्यकता बहुत कम हो गई है। लघु तथा कुटीर उद्योगों की अवनति।
- **बेरोजगारी के दुष्परिणाम :** बेरोजगारी के कारण निर्धनता में वृद्धि होती है। तथा भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अपराध एवं हिंसा में हो रही वृद्धि का सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी ही है। कुछ लोग तंग आकर आत्महत्या कर लेते हैं। बेरोजगारी के कारण मानसिक अशांति चोरीकी थी की ओर मन प्रवाहित होने की पूरी संभावना रहती है।
- **बेरोजगारी दूर करने के उपाय :** बेरोजगारी दूर करने के लिए लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण रखना। व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहन देना । रोजगार के नए अवसरों की तलाश करना । मशीनीकरण पर नियंत्रण लगाना। कंप्यूटरीकरण पर नियंत्रण करना। कृषि के सहायक उद्योग धंधों का विकास करना। कुटीर और लघु उद्योगों का विकास की शिक्षा देना तथा शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाना।

- **उपसंहार :** हमें निराश नहीं होना चाहिए। हमारे शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए जा रहे हैं। अपने काम धंधे करने के लिए लोन दिया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है, कि हम आत्म विश्वास और दृढता के साथ सहयोग करें और मिल जुल कर इस समस्या को हल करें।

ग) कर्नाटक का वैभव

- **प्रस्तावना :** कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु है। यहाँ कन्नड भाषा बोली जाती है। यह प्रकृति, संकृति, शिल्पकला, साहित्य, प्रौद्योगिक, तकनीक आदि से समृद्ध है।

- **शिल्पकला और वास्तुकला :** कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिरों की शिल्पकला और श्रवणबेलगोल के गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा की तथा विजयपुर के व्हिस्परिंग गैलरी की वास्तुकला अद्‌भुत है।

- **प्राकृतिक सुषमा :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कर्नाटक में सह्याद्री और निलगिरी की पर्वतावलियाँ हैं। यहाँ कावेरी , कृष्णा, तुंग-भद्रा आदि नदी बहती हैं।

- **वैज्ञानिक प्रगति :** कर्नाटक के प्रसिध्द वैज्ञानिक हैं - सर सी.वी.रामन , सर एम. विश्वेरश्वैरय्या, डॉ. सी.एन.आर. राव , डॉ. शकुंतला देवी आदि। भारतीय विज्ञान संस्थान, एच.ए.एल, एच.एम.टी, आइ.टी.आइ, बी.एच.ई.एल, बी.ई.एल जैसे आदि संस्थाएँ हैं। बेंगलूरु नगर को 'सिलिकॉन सिटी' भी कहा जाता है।

- **साहित्यिक देन :** कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अपार है। वचनकार बसवण्णा , अक्कमहादेवी, पुरंदरदास, पंपा, राघवांक, कुवेम्पु, द.रा.बेंद्रे, शिवराम कारंत, आदि कवियों अपनी रचनाओं द्वारा कन्नड़ साहित्य को समृध्द बनाया है।

- **उपसंहार :** कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा , साहित्यिक वैभव, ज्ञान-विज्ञान क्षेत्र की प्रगति अपार है। देश-विदेश के लोग ने कर्नाटक की तकनीकी के विकास का मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1x5=5**

38. कोई सकारण देते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

प्रेषक,

अ. ब. क.
10 वीं कक्षा,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरू - 570020

दिनांक : 20-08-2026

सेवा में,

प्रधान अध्यापक जी ,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरू – 570020

आदरणीय महोदय,

विषय :- तीन दिनों की छुट्टी की प्रार्थना हेतु ।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि मैं बीमार हूँ । इसलिए मैं दिनांक : 21-08-2026 से 23-08-2026 तक तीन दिन स्कूल नहीं आ पाऊँगा । अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि इन तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद सहित,

स्थान : मैसूरू

आपका आज्ञाकारी छात्र,

अ. ब. क.

@@@

अभिभावक के हस्ताक्षर,

अथवा

अपने स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए अपनी माताजी के नाम एक पत्र लिखिए।

पूज्य माताजी, दिनांक : 25-08-2026

सादर प्रणाम ।

मैं यहाँ पर कुशल हूँ । आशा करता हूँ कि आप भी वहाँ कुशल होंगें । मुझे तीन दिनों से बुखार था । लेकिन अब चिंता की कोई बात नहीं बुखार कम हो चुका है । मैंने डाक्टर से चिकित्सा ली है । अब मैं ठीक हूँ । मेरी पढ़ाई अच्छी तरह से चल रही है ।

पिताजी को मेरा प्रणाम और छोटे को मेरा प्यार देना ।

आपका प्रिय पुत्र,

सेवा में, विनोद

सविता आर्
बसव निवास
राज नगर,
मैसूरू ।

==========